# 1.25 लाख नौकरी देगी सरकार

## उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने की राज्य बजट में घोषणा

**जयपुर।** राजस्थान की वित्त मंत्री दीया कुमारी ने भजनलाल सरकार दूसरा पूर्ण बजट पेश किया। करीब 138 मिनट के बजट भाषण में दीया कुमारी की सबसे बड़ी घोषणा युवाओं के लिए रही। सरकार अगले एक साल में सवा लाख भर्ती करेगी। प्राइवेट सेक्टर में भी डेढ़ लाख नौकरियां दिलवाई जाएंगी।

वित्त मंत्री ने बिजली के बिल में भी राहत देने की कोशिश की है, लेकिन 150 यूनिट फ्री वाली घोषणा में सरकार ने कंडीशन लगा दी है। सरकार 5 लाख नए घरेलू बिजली कनेक्शन और 5 हजार नए कृषि कनेक्शन भी देगी। 20 लाख घरों में नल कनेक्शन दिया जाएगा।

वहीं, जलदाय विभाग में 1050 नए टेक्निकल पदों पर भी भर्ती की जाएगी। राजस्थान में अब पत्नी के साथ खरीदी गई 50 लाख तक की प्रॉपर्टी सस्ती होगी। सरकार ने बजट में स्टांप ड्यूटी में आधा प्रतिशत छूट की घोषणा की है। 138 मिनट के भाषण में दीया कुमारी ने राजस्थान का 3 लाख 25 हजार करोड़ से ज्यादा का बजट पेश किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान को 2030 तक 30 लाख करोड़ की इकोनॉमी बनाना है।


पत्नी के साथ संयुक्त नाम से खरीदी गई 50 लाख तक की संपत्ति सस्ती होगी। इसमें स्टाम्प ड्यूटी में आधा प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इसके अलावा सरकार ने पीएम किसान सम्मान निधि की राशि बढ़ाई है। अब इस योजना में 70 लाख किसानों को सालाना 9 हजार रुपए मिलेंगे। बजट की घोषणाएं अप्रैल 2025 से लागू होंगी।

- ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल सुविधा हेतु 425 करोड़ रूपये
- मुख्यमंत्री जल जीवन मिशन (शहरी) प्रारम्भ,5 हजार 830 करोड़ रूपये से अधिक की लागत के कार्य
- आगामी वर्ष 6 हजार 400 मेगावाट से अधिक अतिरिक्त उत्पादन
- 5 हजार 700 मेगावाट ऊर्जा उत्पादन के कार्य
- 50 हजार नये कृषि कनेक्शन तथा 5 लाख डोमेस्टिक कनेक्शन
- 150 यूनिट बिजली प्रतिमाह निःशुल्क
- अल्प आय वर्ग परिवारों के लिए सामुदायिक स्थापित सड़क
- लगभग 21 हजार किलोमीटर नॉन पेचेबल सड़कों के कार्य 6 हजार करोड़ रूपये की लागत से
- प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 10-10 करोड़ रूपये का राशि से नॉन पेचेबल सड़कों के कार्य
- 15 शहरों में रिंग रोड के निर्माण कार्य हेतु डीपीआर
- जयपुर, जोधपुर, कोटा एवं अजमेर की विभिन्न सेक्टर रोड के कार्य, लागत 575 करोड़ रुपये
- जयपुर में वीआरटीएस को हटाया जाना
- रोडवेज के लिए 500 नयी बसें, शहरी क्षेत्रों हेतु भी 500 बसें
- सीतापुरा ओद्योगिक क्षेत्रों से अम्बाबाड़ी एवं विघाधरनगर (टोडी मोड़ तक) जयपुर मेट्रो का कार्य हाथ में
- जगतपुरा एवं वैशली नगर क्षेत्रों में मैट्रो के विस्तार हेतु डीपीआर
- जयपुर एवं उदयपुर में आवासीय फ्लेट्स की योजना
- द्रव्यवती नदी का पर्यटन की दृष्टि से अपग्रेडेशन
- प्रदेश के समस्त शहरों में 50 हजार स्ट्रीट लाइट्स
- 500 पिंक टॉयलटॉ का निर्माण, 175 करोड़ रूपये की लागत
- भीलवाड़ा में टेक्सटाइल पार्क तथा सांगानेर-जयपुर में ब्लॉक प्रिंटिक जोन की स्थापना
- 18 नवीन औद्योगिक क्षेत्र, आधारभूत संरचना के लिए 150 करोड़ रूपये
- प्रथम बार आईआईएफए अवार्ड्स का आयोजन गुलाबी नगरी-जयपुर में
- पर्यटन विकास की गतिविधियों के लिए वर्ष 975 करोड़ रूपये
- प्रदेश में नाइट ट्यूरिज्म को बढ़ावा देने हेतु 100 करोड़ रूपये
- जयपुर अल्बर्ट हॉल म्यूजियम के उन्नयन हेतु 25 करोड़ रूपये
- त्रिवेणी संगम-बेणेश्वर धाम, रामेश्वर घाट एवं बीगोद सगम को विकसित करना
- बस्सी-जयपुर में सेक्स सोर्टड सीमन लैब
- 600 मंदिरों पर दीपावली, होली एवं रामनवमी जैसे प्रमुख त्योहारों पर विशेष साज-सज्जा व आरती के कार्यक्रमों का आयोजन
- वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना-6 हजार वरिष्ठाजन को हवाई मार्ग से यात्रा, 50 हजार एसी ट्रेन से तीर्थ यात्रा
- जयपुर, वर्ष 2027 स्थापना के 300 वर्ष गोविन्ददेवजी कला महोत्सव के आयोजन
- 29 हवाई पट्टियों को बड़े हवाई जहाज उतरने के योग्य बनाना
- एक लाख पच्चीस हजार पदों पर भर्तियाँ
- निजी क्षेत्र में एक लाख 50 हजार युवाओं के रोजगार अपलब्ध
- 50 हजार युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार के अवसर
- 3 नवीन पॉलिटेक्निक महाविद्यालय
- 11 नवीन महाविद्यालय, 9 कन्या महाविद्यालय, 2 कृषि महाविद्यालय
- आमजन की निःशुल्क जाँच एवं दवा हेतु 3 हजार 500 करोड़ रुपये का कोष का मॉ कोष का गठन
- 70 वर्ष आयु से अधिक के वृद्धजनों को आवश्यकतानुसार घर पर ही निःशुल्क दवा
- 750 चिकित्सकों तथा एक हजार 500 पैरा मेडिकल कार्मिकों के पद सृजित
- नवीन आयुष नीति, गांवों को आयुष्मान आदर्श ग्राम घोषित कर 11 लाख रुपये प्रोत्साहन राशि
- अल्प आय वर्ग के व्यक्तियोंको देय पेंशन को बढ़ाकर एक हजार 250 रुपये प्रतिमाह
- बालिकाओं को 35 हजार स्कूटी वितरण
- मुख्यमंत्री अमृत आहार योजना-आंगनबाड़ी पर सप्ताह में 5 दिवस दूध, 200 करोड़ रुपये से अधिक का भार
- 8 नवीन साईबर पुलिस थाने
- समस्त मानदेय कर्मियों के मानदेय में आगामी वर्ष 10 प्रतिशत की वृद्धि
- सरकारी कर्मचारियों को एक अप्रैल, 2024 से बढ़ी हुई ग्रैचूटी का लाभ देय
- राम जल सेतु लिंक परियोजना को और वृहद् रूप देते हुए 9 हजार 300 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विभिन्न कार्य
- गेहूँ के (एमएसपी) के ऊपर प्रति क्विंटल बोनस राशि को भी बढ़ाकर 150 रुपये
- गोशालाओं तथा नंदीशालाओं हेतु देय अनुदान को बढ़ाकर 50 रूपये प्रतिदिन
- 50 पशु चिकित्सा उपकेन्द्रों को पशु चिकित्सालयों में क्रमोन्नयन
- 100 पशु चिकित्सा अधिकारियों व एक हजार पशुधन निरीक्षकों की भर्ती

# रोडवेज तीन माह में बनाए अपने कर्मचारियों के लिए तबादला नीति : हाईकोर्ट

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने आरएसआरटीसी को कहा है कि वह अपने विभिन्न कैडर के कर्मचारियों के लिए तीन माह में तबादला नीति बनाए। जिसमें कर्मचारियों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति, पोस्टिंग का इतिहास, पद पर रहने की अवधि और प्रशासनिक जरूरत आदि को ध्यान में रखा जाए। नीति बनने के बाद उसके प्रावधानों के अनुसार उचित तबादला आदेश जारी किए जाए। अदालत ने कहा कि इस अवधि में रोडवेज याचिकाकर्ता कर्मचारियों की ओर से दिए गए अभ्यावेदन तय करे और तब तक उनके तबादला आदेश स्थगित रहेंगे। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने यह आदेश सूर्यभान सिंह शेखावत व 14 अन्य याचिकाओं पर संयुक्त रूप से सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता आरडी मीणा और सुनील कुमार सिंगोदिया ने अदालत को बताया कि आरएसआरटीसी ने गत 15 जनवरी को करीब 240 अल्प वेतन भोगी चालक-परिचालकों का सुदूर करीब छह सौ किलोमीटर दूर तक तबादला कर दिया। वहीं बाद में इनमें से कुछ प्रभावशाली कर्मचारियों के तबादला आदेश निरस्त कर दिए। तबादला किए कर्मचारियों में से कई कर्मचारी कुछ माह में ही रिटायर हो रहे हैं। रोडवेज ने इनका भी राज्य सरकार की नीति के खिलाफ जाकर ट्रांसफर किया है। रोडवेज में हजारों कर्मचारी कार्यरत होने के बावजूद कोई तबादला नीति नहीं बनाई गई है। जिसके चलते प्रशासन मनमर्जी से तबादला कर देता है। रोडवेज ने अपने तबादला आदेश में उन महिला कर्मचारियों का भी ध्यान नहीं रखा, जिनके बच्चों के बोर्ड और प्री-बोर्ड की परीक्षाएं होने वाली हैं। ऐसे में तबादला पॉलिसी के अभाव में उनके ट्रांसफर आदेश को निरस्त किया जाए।



राजभवन में बुधवार को शिवाजी जयंती महोत्सव का आयोजन हुआ। इस दौरान राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने इससे पहले घोड़े पर सवार शिवाजी की शोभायात्रा का राजभवन में अभिनंदन किया।

# रीट परीक्षा में संदिग्ध गतिविधियों पर रहेगी कड़ी नजर

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार राजस्थान सरकार राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (रीट)-2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। परीक्षा से जुड़ी समस्त व्यवस्थाओं को प्रभावी रूप से लागू करने हेतु मुख्य सचिव सुधांशु पंत की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में परीक्षा की शुचिता, पेपर और ओएमआर शीट की सुरक्षा एवं गोपनीयता, कानून व्यवस्था, प्रश्न पत्रों के सुरक्षित परिवहन, परीक्षार्थियों की सुविधाओं एवं अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई एवं आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

पंत ने निर्देश दिए कि जिस प्रकार चुनाव आयोग निर्वाचन प्रक्रिया के प्रत्येक बिन्दु के लिए एसओपी जारी कर उसकी निर्धारित समय पर शत-प्रतिशत और गम्भीरता से पालना सुनिश्चित करवाता है, उसी प्रकार रीट परीक्षा में भी प्रत्येक बिन्दु की एसओपी जारी की गई है। इसकी पालना में थोड़ी सी भी अवहेलना कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। परीक्षा के दौरान कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए परीक्षा केंद्रों, स्ट्रॉन्ग रूम एवं संग्रहण केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल एवं होमगार्ड जवानों की तैनाती के निर्देश दिए।

# राज्य का बजट मोदी सरकार के बजट का प्रतिबिंब : डॉ. पूनिया

**जयपुर।** भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने वक्तव्य जारी कर कहा कि राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी द्वारा प्रस्तुत राजस्थान बजट केन्द्र की मोदी सरकार के सर्व समावेशी बजट का प्रतिबिंब है, बुनियादी ज़रूरतों से लेकर आधुनिक विकास को यह बजट समर्पित है।

# भजनलाल शर्मा सरकार का दूसरा बजट सर्वस्पर्शी : मदन राठौड़

- जन-जन की आकांक्षाओं को पूर्ण करने वाला बजट : रामचरण बोहरा
- सभी वर्गों-किसान, युवा, महिला, उद्यमी, गरीब और मध्यम वर्ग को सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा : राजेन्द्र राठौड़
- सभी वर्गों को समुचित लाभ और आगे बढ़ने के अवसर देने वाला बजट : शेखावत
- राज्य सरकार का बजट राजस्थान को समृद्ध, विकसित और सशक्त बनाने वाला : मंजू शर्मा

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने भजनलाल शर्मा सरकार द्वारा पेश किए गए बजट को सर्वस्पर्शी एवं लोककल्याणकारी बताते हुए कहा कि बजट में राजस्थान के विकास का विजन और मिशन स्पष्ट दृष्टि गोचर होता है। उन्होंने कहा कि अन्नदाता किसान के सम्मान निधि को बढ़ाकर 9 हजार करना हो या निःशुल्क बीज वितरण करना हो, या फिर सिंचाई के पर्याप्त प्रयास किए जाने हो, इन सब पर बजट में विशेष प्रावधान किए गए है। उन्होंने कहा कि जैविक खेती को प्रोत्साहन करने के साथ ही बैंलों से खेती पर तीस हजार रूपए का प्रोत्साहन सराहनीय कदम है। इससे नंदी भी बचेंगे और आवारा पशुओं से भी जनता को राहत मिलेगी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि सवा लाख युवाओं को सरकारी नौकरी, डेढ़ लाख युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार, 50 हजार युवाओं को कौशल प्रशिक्षण के साथ ही 2 लाख लखपति दीदी बनाने, 25 हजार सौलर दीदी बनाने की घोषणा युवाओं और महिलाओं के सपनों को साकार करती है। उन्होंने कहा कि सड़क हो या चिकित्सा व्यवस्था, कानून व्यवस्था के लिए कदम उठाने या फिर बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के प्रावधान राजस्थान को एक नई दिशा देने वाले है। वहीं साल की 1800 यूनिट फ्री बिजली देने का निर्णय भी लोककल्याणकारी है। उन्होंने कहा कि पहली बार वित्त मंत्री दीया कुमारी ने राजस्थान में ग्रीन बजट रखकर हमारी पर्यावरणीय के प्रति प्रतिबद्धता का प्रकटीकरण किया है, जो राजस्थान को विकसित और हरियालो राजस्थान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और चित्तौडगढ़ सांसद सीपी जोशी ने आज विधानसभा पहुंचकर वित्त मंत्री दिया कुमारी का बजट भाषण सुना। बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए सीपी जोशी ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार में राजस्थान का बजट समृद्ध और मजबूत राजस्थान की आधारशीला रखने वाला है, जिसमें आमजन की सुख-सुविधा और मजबूती का पूरा ध्यान रखा गया है। बजट में दी गई सौगातों के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और वित्त मंत्री दिया कुमारी का आभार व्यक्त किया है। सीपी जोशी ने कहा कि बजट में किसान, युवा, महिला, शिक्षा, चिकित्सा, पेयजल, बिजली, सड़क, मैट्रो रेल से लेकर ग्रामीण विकास तक हर क्षेत्र में जनता को महत्वपूर्ण सौगातें मिली है।

राजस्थान बजट 2025-26 पर प्रतिक्रिया देते हुए जयपुर के पूर्व सांसद रामचरण बोहरा ने कहा कि यह बजट हर घर में खुशहाली की गारंटी को समर्पित, सर्वस्पर्शी और सर्वसमावेशी बजट है। यह जन-कल्याणकारी बजट गरीब, महिला, युवा, अन्नदाता व जन जन की आकांक्षाओं एवं आशाओं को पूर्ण करने में सफल होगा।

विधानसभा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने राजस्थान की वित्त मंत्री दीया कुमारी द्वारा सदन में प्रस्तुत राज्य बजट 2025-26 पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हासिल करते हुए विकसित, शिक्षित व खुशहाल राजस्थान के संकल्प एवं जन-जन की आकांक्षाओं को पूरा करने वाले इस ऐतिहासिक, सर्वसमावेशी व जनहितैषी बजट के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं समस्त मंत्रिमंडल को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में प्रस्तुत केन्द्रीय बजट 2025-26 बजट से प्रेरणा लेते हुए राजस्थान का बजट 2025-26 सभी वर्गों-किसान, युवा, महिला, उद्यमी, गरीब और मध्यम वर्ग को सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि राजस्थान का बजट सभी वर्गों को समुचित लाभ और आगे बढ़ने के अवसर प्रशस्त करने वाला है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत संकल्प' को साकार करने की योजना की सुगढ़ चरणबद्धता राजस्थान सरकार के बजट में स्पष्ट दिख रही है।

जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा नें बुधवार को राजस्थान सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे विकसित, सशक्त और समृद्ध राजस्थान की आधारशीला रखने वाला बताया है। उन्होंने जयपुर सहित संपूर्ण प्रदेश को दी गई सौगातों के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और वित्त मंत्री दिया कुमारी का आभार व्यक्त किया है।

सांसद मंजू शर्मा ने कहा कि बजट में किसान, युवा, महिला, शिक्षा, चिकित्सा, पेयजल, बिजली, सड़क, मैट्रो रेल सहित परिवहन के साधनों से लेकर ग्रामीण विकास तक हर क्षेत्र में जनता को महत्वपूर्ण सौगातें मिली है।

# नीट पीजी की स्ट्रे राउंड की काउन्सलिंग पर लगी रोक हटी

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने नीट पीजी की स्ट्रे राउंड की काउंसलिंग पर गत दिनों लगाई अंतरिम रोक को हटा दिया है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में दायर याचिका को वापस लेने के आधार पर उसे खारिज कर दिया है। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने यह आदेश डॉ. विजय लक्ष्मी की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता विज्ञान शाह ने अदालत को बताया कि मामले में आरक्षण नीति का पूर्णतया पालन किया गया है। वहीं याचिका गलत तथ्यों के आधार पर दायर कर स्टे लिया गया है। ऐसे में याचिका को खारिज किया जाए। इस पर याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि मामले में कुछ नए तथ्य सामने आए हैं। ऐसे में वह याचिका को सुनवाई के लिए आगे नहीं चलाना चाहते। इसलिए याचिका को वापस लेने की अनुमति दी जाए। इस पर अदालत ने याचिका को वापस लेने के आधार पर उसे खारिज कर दिया।

# डोटासरा और जूली ने बजट को बताया निराशाजनक

**जयपुर, (का.प्र.)।** राजस्थान सरकार द्वारा पेश किए गए बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि यह बजट केवल राजस्थान की जनता पर कर्ज का बोझ डालने वाला है। राज्य सरकार का वित्तीय प्रबंधन पूरी तरह फेल है यह बजट में दिख रहा है। पिछले बजट में अनुमान लगाया गया कि करीब 2 लाख 65 हजार करोड़ रु की राजस्व प्राप्तियां होंगी परन्तु ये लक्ष्य पूरा नहीं हो पाया और 2 लाख 62 हजार 618 करोड़ रु की राजस्व प्राप्तियां ही हुईं हैं जबकि केन्द्र सरकार से पहले से ज्यादा मदद मिली है। 2024-25 में राजस्व व्यय का लक्ष्य 3 लाख 34 हजार 796 करोड़ रु का रखा गया परन्तु व्यय केवल 2 साख 94 बजार 557 करोड़ रु ही किए गए।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत बजट पर प्रतिक्रिया देते हुये कहा कि राज्य सरकार के बजट से युवा, किसान, महिला, पिछड़े और उद्यिमयों को निराशा के अलावा कुछ नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि बजट की विशेषता यह है कि बजट बनाने हेतु सुझाव मुख्यमंत्री से लिये गये, बजट को अंतिम रूप वित्त मंत्री ने दिया और विधानसभा में पढ़ा, किन्तु बजट भाषण समाप्त होने पर धन्यवाद ज्ञापन मुख्यमंत्री द्वारा प्रेसवार्ता कर दिया गया।

# जयपुर में तीन नई आवासीय योजना लाएगी सरकार

## अनुपयोगी बी.आर.टी.एस. कॉरिडोर को भी हटाए जाने की भी घोषणा

**जयपुर।** उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने बजट में जयपुर के लिए कई घोषणाएं की। इसमें जयपुर शहर की स्थापना के 300 साल पूरे होने पर गोविंददेवजी कला महोत्सव के तहत सालभर कार्यक्रम का आयोजन करवाने की घोषणा की। इसके लिए सरकार ने 50 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया है। इसके साथ तीन नई आवासीय योजना लाई जएंगी।

इसके अलावा जयपुर शहर और आसपास के कस्बों में बढ़ते ट्रैफिक जाम की परेशानी को दूर करने के लिए कई जगह बाइपास, फ्लाइओवर और एलिवेटेड रोड बनाने की घोषणा की। जयपुर शहर में मेट्रो के फेज-2 सीतापुरा से अम्बाबाड़ी तक प्रस्तावित रूट को केन्द्र सरकार के सहयोग से शुरू करवाने की बात कही।

साथ ही उन्होंने जगतपुरा, वैशाली नगर के एरिया में मेट्रो चलाने के संबंध में सर्वे करवाने की भी घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने अनुपयोगी बीआरटीएस कॉरिडोर को भी हटाए जाने की घोषणा की।

- जगतपुरा, वैशाली नगर में मेट्रो चलाने की योजना, गोविंददेवजी मंदिर में सालभर होंगे कार्यक्रम

बुजुर्ग अवस्था में होने वाली बीमारियों के इलाज, ट्रेनिंग और रिसर्च के लिए एक इंस्टीट्यूट की स्थापना की जाएगी। जो आरयूएचएस को अपग्रेड करके बनाए जाने वाले रिम्स के अधीन होगा। वर्तमान में जयपुर के एसएमएस मेडिकल कॉलेज में जिरियाट्रिक मेडिसिन वार्ड संचालित है।

जयपुर के बीलवाड़ी से ढोढसर वाया राडावास सड़क तक 38.5 किलोमीटर में स्टेट हाईवे जाएगा। जो चौमूं से शाहपुरा तक जाएगा। 2.50 करोड़ रुपए की लागत से बगरू से रीको औद्योगिक क्षेत्र औप कुंजबिहारीपुरा तक कनेक्टिंग रोड बनाई जाएगी। 55 करोड़ रुपए की लागत से विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र और विद्याधर नगर में विभिन्न सड़कों का कार्य।

राजपुरवास ताला से शाहपुरा तहसील सीमा तक, कॉकरेल मोड भानपुर कलां सड़क से जमवारामगढ़ तक, नाभावाला से नीमला तक, मानोता से सन्नाटा घाटी चावंडिया-धामस्या तक, नकटी घाटी से दौसा तक कुल 52 किमी लंबाई में सड़क का निर्माण करवाया जाएगा। बस्सी से सांभरिया तक 10 किलोमीटर लंबाई में सड़क की चौड़ाई बढ़ाई जाएगी। विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र में जेईसीसी की तर्ज पर कंसर्ट एंव कंवेंशन सेंटर बनाया जाएगा। सांगानेर एरिया के पुराने मंदिरों जैसे-सांगा बाबा मंदिर, त्रिपोलिया बालाजी, संघी जी जैन मंदिर को धार्मिक पर्यटन सर्किट में शामिल किया जाएगा। 50 करोड़ रुपए की लागत से विकास कार्य करवाए जाएंगे। झोटवाड़ा एरिया में आईटीआई पॉलिटेक्निक कॉलेज खोला जाएगा। सांगानेर एरिया में नया सरकारी कॉलेज और कोटखावदा में सरकारी महिला कॉलेज खोला जाएगा। जयपुर के स्वर्ण जयंती पार्क विद्याधर नगर को ऑक्सीजन जोन के रूप में विकसित किया जाएगा। जयपुर के शाहपुरा में रोडवेज बस स्टेंड बनाया जाएगा। जयपुर के हरमाड़ा में नया सैटेलाइट हॉस्पिटल बनाया जाएगा। यहां नया ट्रोमा सेंटर भी खोला जाएगा। हस्तेडा (चौमूं) और बधाल (फुलेरा) में मौजूद पीएचसी को सीएचसी में क्रमोन्नत किया जाएगा।

# छः बीघा भूमि पर दो अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त किया

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण जोन-11 में निजी खातेदारी की करीब 06 बीघा कृषि भूमि पर 02 नवीन अवैध कॉलोनियों को पूर्णतः ध्वस्त किया गया।

महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया कि जोन-11 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम रामजीपुरा तहसील सांगानेर, जिला जयपुर में करीब 04 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़क, प्लॉटों की बाउण्ड्रीवाल, पिल्लर खडे कर व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-11 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। जेडीए द्वारा जोन-11 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित आगरा रोड़ पर ग्राम चतरपुरा, खातीपुरा, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर में करीब 02 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें व अन्य



अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-11 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशानदेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। उक्त कार्यवाहियां मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-प्रथम, प्रवर्तन अधिकारी जोन-11 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

# 'सबकी फिक्र में खुद को मिटाती हूं...'

**जयपुर।** 'सबकी फिक्र में खुद को मैं मिटाती हूं, हर वादा अपना दिल से निभाती हूं।' इन्हीं पंक्तियों के साथ राजस्थान की वित्त मंत्री दीया कुमारी ने (बुधवार) बजट पेश करने की शुरुआत की। इसके अलावा उन्होंने युवाओं के लिए स्वामी विवेकानंद, महिलाओं के लिए डॉ. भीमराव अंबेडकर और कृषि के लिए महात्मा गांधी की भी पंक्तियां पढ़ीं।। वहीं, विपक्ष के हंगामे के बावजूद दीया कुमारी ने अपना बजट भाषण जारी रखा।

इस दौरान गोविंद सिंह डोटासरा ने तंज कसते हुए कहा आपके भाषण से नाराज होकर तीन मंत्री चले गए हैं। इस पर सत्ता पक्ष ने आपत्ति की। डोटासरा बैठे तो सत्ता पक्ष के कुछ विधायक और मंत्री बोलने लगे। स्पीकर वासुदेव देवनानी ने टोकाटाकी पर कहा कि एक को बैठाते हैं तो दूसरा खड़ा हो जाता है।

दीया कुमारी ने 5000 करोड़ की लागत से सड़कों के अपग्रेडेशन और मरम्मत के काम करवाने की घोषणा की। कहा कामों की बहुत लंबी सूची है। इसके बाद दीया कुमारी पन्ने पलटने लगीं। स्पीकर ने कहा कि सूची लंबी है। इस दौरान पक्ष-विपक्ष के विधायकों ने एक-दूसरे पर तंज भी कसे। विपक्षी विधायकों ने कहा कि अभी तक पिछले ही काम नहीं हुए। दीया ने कहा बहुत लंबी सूची है, एक बार पेज तो पलट लूं। युवाओं के लिए घोषणा से पहले दीया कुमारी ने स्वामी विवेकानंद की पंक्तियां पढ़ी।